## खबर संक्षेप

### अमरपाटन में खेत की आग बुझाने गया किसान जिंदा झुलसा, मौके पर ही थमी सांसें

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में दोपहर के वक्त दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ एक खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। अपनी फसल और मेहनत को बचाने की उम्मीद में कुशवाहा परिवार का एक किसान तुरंत आग बुझाने के लिए दौड़ा। लेकिन बदकिस्मती से हवा के रुख और आग की लपटों के बीच किसान बुरी तरह घिर गया। आग की भयावहता के कारण किसान की मौके पर ही झुलसने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### बदमाशों ने युवक से छीनी मोटर साइकिल

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में सरेराह लूट की वारदात सामने आई है। पिपरौध से जयंती नगर मार्ग पर बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को रोककर उसकी मोटरसाइकिल लूट ली और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र पटेल 33 वर्ष निवासी ग्राम गैतरा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZB 5346 पर सवार होकर पिपरौध से जयंती नगर मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने पीड़ित को रोक लिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने युवक को डरा-धमकाकर और हथियारों का भय दिखाकर उसकी बाइक छीन ली। वारदात के बाद वीरेन्द्र थाना पहुंचा एवं शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### एक वर्ष से फरार शातिर बदमाश को दबोचा

**बड़वारा।** एक साल से फरार चल रहे शातिर बदमाश को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी जगदेव सिंह सोलंकी 81 वर्ष निवासी ग्राम बांसा थाना चंदिया जिला उमरिया, हाल निवासी ग्राम परसेल ने 14 मई को थाना बड़वारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि जमीनी विवाद को लेकर आरोपी अमोल सिंह, गुलाब सिंह, सूरज सिंह, टिंकू सिंह, चिंटू सिंह एवं पुष्पेन्द्र ने 13 मई 2025 को तेजभान सिंह एवं जयभान सिंह सोलंकी निवासी ग्राम परसेल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई थी। प्रकरण में थाना बड़वारा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रकरण में धारा 117(2) एवं 109(1) बीएनएस की वृद्धि की गई। मामले का मुख्य आरोपी गुलाब सिंह पिता अमोल सिंह निवासी ग्राम परसेल घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। आखिरकार 21 मई 2026 को बड़वारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि के.के. पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक नितेश डोंगरे एवं प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी की भूमिका रही।

### युवक पर चाकू से हमला, लोगों में दहशत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी के पास दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार प्रशांत सोनी पिता विष्णू सोनी 40 वर्ष पर कुछ लोगों ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमले में बुच्चड़, उसकी दो बहनें, भांजा तथा दो अन्य साथी शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसी पुराने विवाद या आपसी कहासुनी के बाद आरोपी पक्ष ने अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल प्रशांत सोनी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

# मुख्यमंत्री सतना पहुंचे, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

सतना।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचे। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने शहर के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के निवास पर जाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव वरिष्ठ समाजसेवी ओम बनर्जी के निवास पहुंचे। वहाँ उन्होंने उनके पिता स्वर्गीय दादा असीम बनर्जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और शोक में डूबे परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद सिटी कोतवाली के पीछे स्थित माहेश्वरी निवास पहुंचे। उन्होंने मणिकांत माहेश्वरी की माताजी स्वर्गीय श्रीमती सरोज देवी माहेश्वरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना की।





### चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजयपाल यादव के गृह निवास पहुंचे मुख्यमंत्री

सतना प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष विजयपाल यादव के डालीबाबा चौक,कामता टोला स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे औपचारिक भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विजयपाल यादव की माता स्वर्गीय श्रीमती मूर्ति देवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ज्ञात हो कि स्व.श्रीमती यादव का बीते 20 मार्च 2026 को देहावसान हो गया था। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इससे पहले,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सतना हवाई पट्टी पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव रीवा से हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो सांसद वीडी शर्मा और सतना सांसद गणेश सिंह के साथ सतना आए थे।



# धान की 200 किस्में देख चकित रह गए केंद्रीय मंत्री व सीएम

**सतना।** धान की 200 देशी किस्मों के साथ सब्जी,दलहन-तिलहन,गेहूं और मोटे अनाज की साढे तीन सौ से अधिक परंपरागत किस्मों के रंग बिरंगे बीजों को देखना केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए एक कौतूहल से कम नहीं था। विश्व जैवविविधता दिवस पर प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान परिसर में राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल के आयोजकत्व में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप अहिरवार शामिल थे। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा देश के विभिन्न प्रांतो के कृषि उत्पादो की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिनका निरीक्षण केंद्रीय मंत्री सहित मुख्यमंत्री ने किया। प्रदर्शनी में सर्जना पिथौराबाद एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति द्वारा संयुक्त रूप से धान की 200,गेहूं 25,सब्जी,दलहन तिलहन मोटे अनाज के बीजों की साढ़े तीन सौ से अधिक किस्मों को प्रदर्शित किया था। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों के लिए धान एवं गेहूं के बीज आकर्षण का केंद्र तो थे ही सब्जी की विभिन्न किस्में भी आश्चर्य चकित करने वाली थीं। स्टाल निरीक्षण के दौरान सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने देशी बीजों के बारे में जानकारी तो सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा भी कि धान की इतनी किस्में भी हैं। उन्होंने केमाच और सेम की 5 किस्मों का अवलोकन भी किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और संघर्षशील भूमिका निभाएं: गुरमीत



**मैहर।** जिला कांग्रेस कार्यालय मैहर में आज एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मैहर विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मैहर जिला कांग्रेस प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू भैया एवं विधानसभा प्रभारी डॉ.रश्मि सिंह की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के दौरान संगठनात्मक एकता कार्यकर्ताओं के सम्मान और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला कांग्रेस कार्यालय पूरे समय कांग्रेसजनों के उत्साह,नारों और संगठनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ता होते हैं।उन्होंने कहा कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तथा जन-जन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी ऊर्जा,प्रतिबद्धता और जनसेवा के भाव से संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। आज देश और प्रदेश की परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। हमें जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों,समस्याओं और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा। संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और आप सभी उस शक्ति के आधार स्तंभ हैं। जिला प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू भैया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। उन्होंने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें।उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और संघर्षशील भूमिका निभाएं। विधानसभा प्रभारी डॉ.रश्मि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस का संगठन केवल राजनीतिक मंच नहीं,बल्कि जनभावनाओं और सामाजिक सरोकारों का परिवार है। उन्होंने महिला शक्ति युवाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संगठन में नई जिम्मेदारियाँ मिलने के बाद अब सभी मंडल अध्यक्षों को अधिक सक्रियता के साथ क्षेत्र में कार्य करना होगा।

# सीएम से मिला चैंबर का प्रतिनिधि मंडल, व्यापार मेले के लिए भूमि आवंटन और जिला समितियों में प्रतिनिधित्व की मांग

**सतना।** विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतना प्रवास के दौरान उनसे शिष्टाचार भेंट की। चैंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने विंध्य क्षेत्र के व्यापारिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें एक मांग पत्र (ज्ञापन) सौंपा। चैंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री से क्षेत्र के व्यापार,बुनियादी ढांचे और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक चर्चा हुई है।



### व्यापार मेले के लिए 4 एकड़ शासकीय भूमि की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज,सतना द्वारा हर दूसरे वर्ष 'विंध्य व्यापार मेला' आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विंध्य क्षेत्र के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। विगत मेले के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सतना में व्यापार मेले के स्थायी आयोजन के लिए 4 एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने इस भूमि को शीघ्र आवंटित करने का अनुरोध किया,ताकि स्थानीय,हस्तशिल्प और कृषि आधारित उद्योगों को एक बड़ा और स्थायी मंच मिल सके।

### व्यापार संवर्धन बोर्ड की जिला समिति में मिले प्रतिनिधित्व

चैंबर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चैंबर की पुरानी मांग पर राज्य स्तरीय 'व्यापार संवर्धन बोर्ड' का गठन किया गया है,जो एक सराहनीय कदम है। अब अनुरोध है कि जिला स्तर पर गठित होने वाली समितियों में 'विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज,सतना' को अनिवार्य रूप से प्रतिनिधित्व दिया जाए,ताकि स्थानीय व्यापारियों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो सके और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो।

### शहर की यातायात और बदहाल सड़कों में सुधार की आवश्यकता

विंध्य चैंबर ने अपने ज्ञापन में सतना शहर की यातायात व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के मुख्यमार्गों पर लगातार बढ़ रहे यातायात के दबाव,अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते अतिक्रमण के कारण स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने शहर की सड़कों और यातायात व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार करने की मांग की।

### 61वें द्विवार्षिक अधिवेशन के लिए मिला आमंत्रण

चैंबर ऑफ कॉमर्स का 61 वां द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी जून माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए भावभीना आमंत्रण दिया। बताया जाता है कि इस वर्ष अधिवेशन की थीम 'स्थानीय व्यापार से वैश्विक बाजार तक' रखी गई है।चैंबर के मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

**जबलपुर से कानपुर के लिए निकला था ट्रक, पुलिस जांच में जुटी**

# मैहर में नेशनल हाइवे किनारे खड़े ट्रक के अंदर ड्राइवर का मिला शव

**मैहर।** मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनवारा में नेशनल हाईवे किनारे शनिवार सुबह एक खड़े ट्रक (यूपी15 ईटी 586) में चालक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।घटना चौबे ढाबा के सामने की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही अमदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान सर्वेश कुमार दीक्षित पिता गिरिजा शंकर दीक्षित उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम हसनपुर थाना बिकी जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक शुक्रवार सुबह जबलपुर से परचून का सामान लोड कर कानपुर के लिए रवाना हुआ था। ट्रक शनिवार सुबह करीब 6 बजे घुनवारा क्षेत्र में पहुंचा था। बताया जा रहा है कि जब काफी देर तक चालक ने फोन रिसीव नहीं किया तो ट्रक मालिक को संदेह हुआ। इसके बाद मालिक ने जीपीएस के माध्यम से ट्रक की लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन घुनवारा स्थित चौबे ढाबा के पास मिली,जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के अंदर चालक का शव बरामद किया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल चालक की मौत किन परिस्थितियों में हुई,इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी।





## जब जन सुनवाई में न्याय नहीं मिलता तो कहां जाएं

# बाराखुर्द पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार में किसका सरंक्षण

**मैहर।** मैहर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बराखुर्द की महिलाएं बड़ी उम्मीद लेकर कलेक्टर की जन सुनवाई में पहुंची थीं। हाथों में शिकायत,आंखों में उम्मीद और मन में भरोसा था कि शायद अब पंचायत में हो रही कथित अनियमितताओं और लापरवाही पर कार्रवाई होगी।लेकिन करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी जब कोई निष्पक्ष जांच या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई,तो महिलाओं की उम्मीद अब निराशा में बदलती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि पंचायत सचिव के बचाव में जनपद सीईओ ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। क्षेत्र में चर्चा है कि सचिव को कथित तौर पर यह भरोसा तक दिलाया गया है कितना भी भ्रष्टाचार करो,जब तक मैं हूं कुछ नहीं होने दूंगा। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है,लेकिन जनसुनवाई के बाद भी कार्रवाई न होना लोगों के बीच कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि वे कलेक्टर की जनसुनवाई में इसलिए गई थीं क्योंकि उन्हें लगा था कि जिला स्तर पर उनकी आवाज सुनी जाएगी। लेकिन अब महिलाएं खुद सवाल उठा रही हैं कि अगर जनसुनवाई में जाने के बाद भी निष्पक्ष जांच नहीं होती तो आखिर आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे? बराखुर्द पंचायत पहले भी निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं,अधूरे काम और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर चर्चा में रही है। महिलाओं का आरोप है कि शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय लगातार दबाने की कोशिश की जा रही है। यही कारण है कि गांव में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव की महिलाएं अब खुलकर कह रही हैं-अगर कलेक्टर की जनसुनवाई में जाने के बाद भी न्याय नहीं मिलता,तो फिर आम आदमी जाए तो जाए कहां?



### बढैया टोला में आधी रात बाइक सवार को घेरा, सरेराह मारपीट कर मोबाइल लूटा; मूकदर्शक बने रहे लोग

**सतना।** शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। बीती आधी रात को शहर के बढैया टोला इलाके में पांच बेखौफ बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक को जबरन रास्ते में रोक लिया। बदमाशों ने युवक के साथ सरेराह लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की और उसका मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए। हैरानी की बात यह रही कि जब यह वारदात हो रही थी,तब वहां मौजूद राहगीर और स्थानीय लोग मदद करने के बजाय मूकदर्शक बने तमाशा देखते रहे। किसी ने भी युवक को बचाने की जहमत नहीं उठाई। इस पूरी सनसनीखेज वारदात का वीडियो वहां लगे किसी कैमरे या मोबाइल में कैद हो गया है,जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस वीडियो के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

# पेट्रोल और डीजल के फिर बढ़े रेट ने वाहन चालकों को किया परेशान

## एक महीने में 3 बार बढ़ चुके हैं रेट

**मैहर।** आज पूरे देश के साथ मध्य प्रदेश में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इस माह तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की है। नई दरें लागू होने के बाद प्रदेश कई शहरों में पेट्रोल 112 रुपए प्रति लीटर के करीब पहुंच गया है। इस महीने अब तक तीन चरणों में दाम बढ़ाए जा चुके हैं। वाहन चालक इस बढ़ते हुए रेट के कारण अपनी क्षमता से ज्यादा पेट्रोल अपने वाहनों में डलवा रहे है कि कल न जाने कितने रेट बढ़ जाए।

### *भैंसाखाना चौक पर सुलग रहे बिजली के तार: रात होते ही मचती है अफरा-तफरी, बड़े हादसे का इंतजार कर रहा बिजली विभाग!*

***सतना।** शहर के भैंसाखाना चौक क्षेत्र में बिजली कंपनी की घोर लापरवाही के कारण स्थानीय लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। क्षेत्र में आए दिन बिजली के तारों में शॉर्ट-सर्किट से आग लगना और घंटों बिजली आपूर्ति ठप्प होना अब एक आम बात बन चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जैसे ही रात होती है,जर्जर तार धू-धू कर जलने लगते हैं। आसमान से गिरती चिंगारियों के कारण क्षेत्रवासियों में भारी डर का माहौल है। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। अगर समय रहते इन जर्जर तारों को नहीं बदला गया,तो किसी दिन घनी आबादी वाले इस इलाके में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।*

### अमिलिया के अतरार गांव में भीषण आग का तांडव, घंटों बाद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

**सतना।** जिले के कोठी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया के अतरार गांव से दमकल विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी,लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी। दमकल के न पहुंचने से आक्रोशित और बेबस ग्रामीण खुद ही पारंपरिक संसाधनों से आग बुझाने की जद्दोजहद में जुटे रहे। देखते ही देखते आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों में प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये को लेकर भारी आक्रोश है।

# नई बस्ती से शराब दुकान हटाने की मांग तेज, 9वें दिन भी अनशनजारी, आंदोलनकारियों ने बनाई मानव श्रृंखला

सतना।

शहर के नई बस्ती इलाके से शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों का गुस्सा लगातार सातवें आसमान पर है। आंदोलन के 9वें दिन भी अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन पूरी ताकत के साथ जारी रहा। शनिवार को आंदोलन को और उग्र रूप देते हुए प्रदर्शनकारियों ने शराब दुकान के ठीक सामने एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों का साफ कहना है कि जब तक प्रशासन इस दुकान को यहाँ से तत्काल नहीं हटाता, तब तक यह अनशन और विरोध प्रदर्शन थमेगा नहीं। इस बड़े जन-आंदोलन को स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। शनिवार को हुए इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्षद तिलक राज सोनी,जे.पी.कुशवाहा,राम कुमार विश्वकर्मा,ध्रुव त्रिपाठी,बृजेन्द्र त्रिवेदी और विनोद द्विवेदी शामिल हुए। सभी ने एक सुर में प्रशासन को चेतावनी दी कि रिहायशी इलाके में शराब दुकान का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राकेश शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी बने



पन्ना। कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई जिला कांग्रेस कमेटी की सूची में श्री शर्मा को स्थान दिया गया है राकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी का दायित्व सोपा गया है उनकी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं पत्रकारों ईष्ट मित्रों शुभ चिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नगरीय क्षेत्र अजयगढ़ में पर्यवेक्षी सर्किल का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण



पन्ना। नगरीय क्षेत्र अजयगढ़ में चल रहे जनगणना कार्य में एचएलबी 001 से 007 तक के प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए पूर्ण रूप से चिन्हित भी किया गया और मार्केड करते हुए कार्य संपन्न किया गया है स इस कार्य में नीलेश कुमार गुप्ता पर्यवेक्षक द्वारा सक्रियता दिखाई गई और सभी प्रगणक ने पूर्ण मनोभाव और लगन से कार्य करते हुए कार्य संपन्न किया है स इस कार्य के लिए सभी प्रगणक बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं और जनगणना का कंप्यूटर में काम कर रही पलक शर्मा का भी बहुत सराहनीय योगदान है कंट्रोल रूम में लगे राजेन्द्र कुमार खरे एवं विष्णु प्रसाद लखेरा का सहयोग भी सराहनीय सराहनीय है सर्वप्रथम जनगणना कार्य को प्रगणक कुलदीप कुमार यादव द्वारा किया गया फिर रामपाल पाल द्वारा इसके बाद ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा तत्पश्चात सुधीर कुमार रावत फिर सौरभ कुमार मिश्रा राकेश कुमार त्रिवेदी और विवेक कुमार जड़िया द्वारा अपना कार्य बहुत ही लगन के साथ करते हुए प्रत्येक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया गया स चइसके लिए अनुविभागीय अधिकारी आलोक मार्को ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी संजय कुमार वाल्मीकि एवं जनगणना का कार्य देख रहे बृजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा सभी को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे नीलेश कुमार गुप्ता ने सबसे पहले अपने प्रगणको से कार्य कराया इसके लिए भी वह बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं सभी के द्वारा बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया स चार्ज अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में सभी को बुलाकर उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया।

### जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित





पन्ना। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पन्ना जिले की बावन सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें सभी वर्गों को स्थान देते हुए समन्वय स्थापित किया गया है कार्यकारिणी में जिन पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है उनमें अध्यक्ष अनीश खान संगठन महा सचिव राज बहादुर पटेल कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया को नियुक्त किया गया है दस उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता शर्मा आनंद शुक्ला राकेश गर्ग भभूत सिंह राजपूत रामलाल आदिवासी अजय श्रीवास्तव देवेंद्र सिंह यादव शशीकांत दिक्षित राम हित संजय पटेल। इसी प्रकार 15 महासचिव बनाए गए हैं जिसमें दादूराम मिश्रा अरविंद सिंह कुलदीप सिंह भारत सिंह शालिग्राम गौतम राम भगत सोनी नृपेंद्र सिंह परिहार वैभव थापक अक्षय तिवारी भूपेंद्र सिंह बुंदेला शिव प्रकाश दीक्षित अजय देव बुंदेला रामकरण पांडे दिनेश पांडे हसीब खान। इसी प्रकार 20 सचिव नियुक्त किए गए हैं जिसमें केदार लखेरा अरुण सक्सेना धूराम चौधरी हिम्मत बागड़ी बृजेंद्र यादव ओम प्रकाश अहिरवार जगदेव सिंह श्रीमती संतोषी पटेल भगवान दास साहू शलभ मिश्रा श्रवण तिवारी सौरभ पटेरिया नाथू पटेल राज बहादुर यादव को नियुक्त किया।

# देश भक्ति जनसेवा का लक्ष्य लिए दो-दो अनुविभागों को संभालते हुए विषम परिस्थितियों में भी सफल साबित हुए एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया

जिले में विगत माह से जहां लगभग बीसों वर्ष बाद इस तरह का बृहद आंदोलन जो केन-बेतवा लिंक परियोजना के साथ-साथ पन्ना जिले की रूंझ तथा मझगांय सिंचाई परियोजना का विरोध प्रदर्शन कार्य स्थल से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक महिलाओं की अगुवाई में लाईन ऑर्डर का पालन कराने में जहां एसडीओपी की भूमिका कहीं न कहीं जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण विषम हालात बिना आरोपों के सफल आयाम को लेकर बेहतर कार्यप्रणाली के साथ जानी गई कार्यशैली एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया जिन्हें जिले में दो-दो अनुविभागों की जिम्मेदारी देश भक्ति जनसेवा का लक्ष्य लिए सफल आयाम को लेकर चर्चा में।





पन्ना।

विगत माह से पुलिस विभाग में आरक्षक से लेकर थाना प्रभारी व एसडीओपी के दायित्वों को लेकर चुनौती भरे आयाम को लेकर माना जा रहा है। यहां लाईन आर्डर का पालन कराने में एसडीओपी की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। केन-बेतवा लिंक परियोजना का विरोध जो जिले में विगत माह से चर्चा का विषय तो रहा ही। पन्ना जिले में बीसों वर्ष बाद इस तरह का बृहद आंदोलन सड़कों व कार्य स्थलों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक नजर आया। लाईन ऑर्डर का पालन कराने में पुलिस को दिशा देने के लिए एसडीओपी की भूमिका संवेदनशील तो थी ही। इन परिस्थितियों में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण तो थी ही। जहां बिना आरोपों के भीड़ में पुलिस का दायित्व हर समय संकट की घड़ी चुनौती भरी चाहे केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित गांवों मे जहां राजस्व विभाग के अधिकारियों व आम आदमी में टकराव की स्थिति को बचाने को लेकर एसडीओपी की भूमिका हर क्षण महत्वपूर्ण रही। वहीं बेहतर समन्वय के साथ विषम परिस्थितियों में कानून का पालन कराये जाने को लेकर एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया जिनके मुख में मुस्कान सदैव वहीं कार्यशैली स्मूथ बिना विवादों के जिले में दो-दो अनुविभागों का दायित्व एसडीओपी के रूप में दायित्व निभाने के लिए जाने जाते है। ऐसे अधिकारी जोकि कहीं न कहीं कार्यशैली से ही जाने जाते है। आज सफल आयाम को लेकर जिनकी कार्यप्रणाली के चलते विषम हालातो में सफल आयाम को लेकर पन्ना पुलिस का दायित्व जाना गया। लम्बे अर्से के बाद जहां जिले में ऐसे आंदोलन जो विरोध प्रदर्शन को लेकर चर्चा का विषय रहे फिर भी पुलिस की कार्यप्रणाली विशेषतौर पर जमीनी स्तर पर जहां एसडीओपी का दायित्व महत्वपूर्ण रहा। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के अधिकारी का समन्वय वहीं सुरक्षा की भूमिका को लेकर 24 घंटे दायित्वों को निभाने के लिए सजग पहरी के रूप में पुलिस की भूमिका को दिशा देने में वहीं जमीनी स्तर पर हर क्षण संवेदनशीलता के साथ पुलिस विभाग की भूमिका जो सदैव पन्ना के लिए अनुकर्णीय साबित।

## दक्षिण पन्ना में अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर पटना तमोली में संरक्षण का संकल्प



पन्ना।

दक्षिण पन्ना वन मंडल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम वन समिति पटना तमोली द्वारा आदिवासी बस्ती उरैहा में अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों ने सहभागिता करते हुए अपने आसपास की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जैवविविधता के महत्व से अवगत कराते हुए बताया गया कि जंगल, जलस्त्रोत, वन्यजीव, औषधीय वनस्पतियाँ और स्थानीय जैव संसाधन मानव जीवन के आधार हैं। यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों के सामने जल, पर्यावरण और जीवन से जुड़ी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। ग्राम वन समिति के सदस्यों ने स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले वृक्षों, पक्षियों, तितलियों, वन्यजीवों और पारंपरिक वन संपदा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की भावना के साथ जीवन जीता आया है और जंगलों को अपनी संस्कृति एवं जीवन का अभिन्न हिस्सा मानता है। कार्यक्रम में यह भी चर्चा की गई कि बढ़ते प्रदूषण, अंधाधुंध कटाई, आगजनी एवं अवैध दोहन से जैवविविधता को लगातार खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में स्थानीय समुदाय की सहभागिता के बिना संरक्षण संभव नहीं है। ग्रामीणों ने जंगलों की सुरक्षा, जलस्त्रोतों के संरक्षण, अधिक से अधिक पौधरोपण तथा वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों एवं युवाओं को प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें पक्षियों के लिए पानी रखने, स्थानीय पौधों को बचाने तथा जंगलों में आग रोकने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि "प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।" अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## अवैध बोरिंग माफिया बेलगाम, कलेक्टर के आदेश और निर्देश कचरे के ढेर में दफन, धड़ल्ले से जिला प्रशासन की नाक के नीचे दिन रात चल रहा उत्खनन, प्रशासन मौन, बोरिंग माफिया बने डॉन

पन्ना।





जिला कलेक्टर महोदय के आदेशों निर्देशों को दरकिनार कर बोरिंग उत्खनन का खेल खुलेआम जारी है। प्रशासन हर साल गर्मियों में आदेश जारी करता है, बिना अनुमति बोरिंग पर रोक लगाने की बातें करता है, मशीन जब्ती और थ्प्त की चेतावनी देता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दिन हो चाहे रात गांवों और कस्बों में अवैध बोरिंग मशीनों की आवाजें तेजी से सुनाई देने लगती हैं, जिसकी आवाज न तो खुद पन्ना कलेक्टर महोदया को सुनाई देती है न जिला प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों को। सवाल यह है कि आखिर प्रशासन की सख्ती सिर्फ प्रेस नोट और फाइलों तक ही सीमित है, कार्यप्रणाली में नहीं ? स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में कई स्थानों पर बिना अनुमति धड़ल्ले से ट्यूबवेल खुदाई की जा रही है जिसके कारण भूजल संरक्षण कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग या तो आंखें मूंदे बैठे हैं या फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद मशीनें लगातार चलती रहती हैं, और जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं तब तक सब कुछ "सेट" हो चुका होता है, या पहले से ही सेट होता है।

सबसे बड़ा सवाल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। आखिर जब कलेक्टर के आदेश स्पष्ट हैं कि बिना अनुमति बोरिंग दंडनीय है, तो फिर अवैध उत्खनन रुक क्यों नहीं रहा? क्या प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं होती, या फिर प्रभावशाली लोगों के दबाव और कथित मिलीभगत के चलते कार्रवाई जानबूझकर कमजोर रखी जाती है? क्यों ग्रामीणों से परमीशन के नाम पर प्रशासन के लिए हजारों रुपए अलग से वसूले जा रहे हैं? जब बोरवेल उत्खन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं तो फिर किस बात की परमीशन की गुंजाइश रखी जा रही है? क्यों प्रति फिट गहराई के हिसाब से ग्रामीणों की जेब से अवैध रूप से 100 से लेकर 150 रुपए वसूले जा रहे हैं? क्या जिला कलेक्टर के आदेशों निर्देशों को वर्ष प्रति वर्ष उठाकर कॉपी पेस्ट किया जाता है? क्या जिले के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी बोरिंग माफियाओं की हाथ की कठपुतली बन चुका है, जिसे न तो कुछ दिखाई देता है न सुनाई देता है? ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति भयावह होती जा रही है। पुराने कुएं सूख चुके हैं, कई हैंडपंप जवाब दे रहे हैं और किसानों की सिंचाई लागत लगातार बढ़ रही है। गरीब परिवार पीने के पानी के लिए परेशान हैं, जबकि रसूखदार लोग दर्जनों फीट नीचे तक बोरिंग करवाकर भूजल का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। इससे जल असमानता और सामाजिक तनाव भी बढ़ रहा है। जबकि गांव गांव में किसानों की फसलें बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही हैं ऐसे में किसान की आय दुगनी कैसे संभव होगी। लोगों का आरोप है कि प्रशासन छोटे लोगों पर तो तुरंत कार्रवाई दिखाता है, लेकिन बड़े लोगों के सामने नियम बौने साबित हो जाते हैं। कई बार कार्रवाई शुरू होने से पहले ही मशीन संचालकों को सूचना लीक हो जाती हैं,शिकायतें भी सामने आती हैं पर कार्यवाही के नाम पर केवल दिखावटी खानापूर्ति कर दी जाती है,यही वजह है कि जनता के बीच यह धारणा मजबूत होती जा रही है कि जिले में "सेटिंग सिस्टम" कानून से ज्यादा ताकतवर हो चुका है। हर साल गर्मियों में प्रशासन अभियान चलाता है, बैठकें होती हैं, चेतावनियां जारी होती हैं, मीडिया में तस्वीरें छपती हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद सब कुछ फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है। जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों खर्च करने वाले विभाग अवैध बोरिंग रोकने में असफल क्यों हैं, इसका जवाब जनता मांग रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी तरह भूजल दोहन जारी रहा तो आने वाले वर्षों में पन्ना के कई क्षेत्रों में गंभीर पेयजल संकट खड़ा हो सकता है। इसके बावजूद प्रशासनिक उदासीनता चिंता का सबसे बड़ा कारण बनी हुई है। जनता अब मांग कर रही है कि- सभी बोरिंग मशीनों का पंजीकरण सार्वजनिक किया जाए, रात में संयुक्त निरीक्षण दल सक्रिय हों, अवैध उत्खनन पर तत्काल थ्प्त हो, और प्रभावशाली लोगों पर भी समान रूप से कार्रवाई की जाए। क्या जिला प्रशासन पन्ना के सभी नियम कानून, दिशा निर्देश, सूचना और आदेश सिर्फ गरीबों को डराने धमकाने के लिए हैं या उनसे प्रतिबंध के नाम से मनमानी और जबरन वसूली के लिए प्रसारित किए जाते हैं? यदि ऐसा है तो प्रशासन रसूखदारों की गुलामी में मदमस्त है और आम जनता पूरी तरह त्रस्त है। जब जिला कलेक्टर के आदेशों निर्देशों की धज्जियां ही उड़ानी हैं तो फिर ऐसे आदेश निर्देश जारी ही क्यों किए जाते हैं, जिनकी कोई कीमत ही नहीं होती।

## दक्षिण पन्ना में जंगल से भटके सिवेट का सफल रेस्क्यू, सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया





पन्ना।

दक्षिण पन्ना वनमंडल के वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा अंतर्गत ग्राम मोहन्द्रा में जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचे एक सिवेट का वन विभाग द्वारा सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए वन्यजीव को सुरक्षित पकड़ा गया। रेस्क्यू अभियान में बीट गार्ड सिंगवारा श्री रामदयाल सूत्रकार तथा बीट गार्ड पश्चिमी मोहन्द्रा श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही। रेस्क्यू उपरांत सिवेट को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सिवेट एक शर्मीला एवं मुख्यतः रात्रिचर वन्यजीव माना जाता है, जो सामान्यतः घने जंगलों में रहना पसंद करता है। यह छोटे फलों, कीटों तथा अन्य छोटे जीवों को खाकर वन पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिवेट बीज प्रसार में भी सहायक होता है, जिससे जंगलों के प्राकृतिक पुनर्जनन में योगदान मिलता है। इसकी उपस्थिति किसी क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का संकेत मानी जाती है। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में दिखाई देने पर उसे नुकसान पहुंचाने या घेरने का प्रयास न करें तथा तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों एवं नागरिकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।





## धरमपुर और टिकुरिया में हुआ अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस का भव्य स्वागत, देवगांव की चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल

अजयगढ़।

लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रेरणास्त्रोत आदरणीय श्री अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस (कमिश्नर साहब) के अजयगढ़ क्षेत्र आगमन पर विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। जैसे ही उनका काफिला ग्राम पंचायत धरमपुर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद नवयुवा टीम द्वारा ग्राम पंचायत भवन में एक संक्षिप्त स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा युवा नेता रामपाल राजपूत एवं शुभम सिंह राजपूत ने पुष्पमालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद टिकुरिया में भी स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं युवा उपस्थित रहे। स्वागत के उपरांत वे ग्राम देवगांव के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि देश के प्रथम भगवाधारी सांसद पूज्य स्वामी ब्रह्मानन्द जी की शिक्षा एवं सामाजिक समरसता की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने वाले लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक श्री अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस शनिवार 23 मई को विशेष आमंत्रण पर ग्राम देवगांव पहुंचे। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ ब्लॉक स्थित ग्राम देवगांव में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अजयगढ़ की शान एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत संतोष कुमार पटेल (डीएसपी साहब) तथा लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन पन्ना के पूर्व जिला महामंत्री एवं वर्तमान जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोधी (शिक्षक) द्वारा स्वागत बंदन किया एवं स्वल्पाहार कराते हुए उनकी विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद, शैक्षिक मार्गदर्शन, सामाजिक समरसता पर चर्चा तथा डिजिटल लाइब्रेरी के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण आयोजन हुए। बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, विद्यार्थी एवं युवा इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में शामिल हुए। चौपाल कार्यक्रम में लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवमोहन सिंह लोधी जी, जिलाध्यक्ष राजेश सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह लोधी, अंकु कुशवाहा, संतोष लोधी, शिक्षक राजेश सिंह, महेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मडला थाना लूट कांड के एक आरोपी को भेजा जेल वहीं जिस थाने में पदस्थ रही उप निरीक्षक रचना पटेल सहित तीन फरार

### थाना प्रभारी बखत सिंह द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

पन्ना।

कानून का पालन कराने वाले भी किस तरह से चूक करने में या स्वयं कानून की परवाह न करने में किस तरह के हालात को लेकर समय देखने को मिलता है इसी थाने में थाना प्रभारी के रूप में उपनिरीक्षक रचना पटेल का समय आज सामने है जो कभी मड़ला थाना की थाना प्रभारी थी जिन्हें स्वयं फरार होकर अपना बचाव करना पड़ रहा है। यह है कानून राजा और रंक दोनों के लिए कब कैसे हालात सामने आ जाये कानून का पालन कराने वालों को सदैव किस तरह सजग रहना चाहिए यह सबक इस घटना से जरूर परलक्षित होता है।




विगत दिवस रीवा के व्यापारी मोहनलाल सोनी के साथ मडला थाना की प्रभारी रचना पटेल प्रधान आरक्षक रज्जाक खान प्रधान आरक्षक रामशरण अहिरवार तथा सहयोगी के रूप में शराब ठेकेदार के मुनीम बृजेश यादव द्वारा गांजा रखकर फर्जी प्रकरण बनाने की धमकी देकर की एक लाख रुपया की लूट की गई थी जिसकी शिकायत पीड़ति द्वारा पुलिस अधीक्षक से की गई थी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था उक्तप्रकरण में आरोपियों के खिलाफ धारा,61 308,6 के तहत मामला दर्ज किया था तथा मामले की जांच मंडला थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर को सौंप गई थी। थाना प्रभारी बखत सिंह ने आरोपी बृजेश यादव को तत्काल गिरफ्तार किया तथा माननीय न्यायालय में पेश किया गया रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की गई तथा संबंधित को जेल भेज दिया गया। अन्य तीन आरोपियों रचना पटेल रज्जाक खान तथा रामशरण की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है जल्द ही उक्त आरोपी भी गिरफ्तार किए जाएंगे। उक्त कारवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

### इनका कहना है-

संबंधित मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा माननीय न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया गया है से आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

**बखत सिंह ठाकुर**
**थाना प्रभारी मडला जिला पन्ना।**

**खबर संक्षेप**

## राहुल गांधी के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग, 140 करोड़ देशवासियों के अपमान का आरोप



छतरपुर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ सार्वजनिक मंच से की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में इस संबंध में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। नगर के वरिष्ठ पत्रकार हरि प्रकाश अग्रवाल ने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि एक ऐसे जिम्मेदार और उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग करना देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और मर्यादा के खिलाफ है। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से इस गंभीर मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। शिकायतकर्ता हरि प्रकाश अग्रवाल ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीते 20 मई 2026 को रायबरेली में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया था। इस सभा के दौरान उन्होंने मंच से हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों के समक्ष देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को सार्वजनिक रूप से गद्दार कहकर संबोधित किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने यह पूरा घटनाक्रम अपने निवास पर टेलीविजन के माध्यम से सीधे प्रसारण में देखा और सुना है। आवेदन में कहा गया है कि सार्वजनिक स्थल पर देश के शीर्ष नेतृत्व के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना बेहद आपत्तिजनक, निंदनीय और देश के 140 करोड़ नागरिकों का अपमान है। इस बयान के कारण देश के कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और आंदोलन भी शुरू हो गए हैं, जिससे सामाजिक शांति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

**दो लाख रूपए नगद, जेवरात, घी, दाल, गेहूं और पूरा गृहस्थी का सामान जल गया**

# आगजनी की बढ रहीं घटनाएं, घर में आग लगने से भांजी की शादी के लिए रखा सामान जलकर खाक

छतरपुर

गर्मी के इस भीषण मौसम में आये दिन कहीं ना कहीं आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है। जिससे लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गुढाकला में आगजनी की एक ऐसी घटना हुई जिससे घर में रखा शादी का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार गुढाकला निवासी गरीब किसान घमण्डी अनुरागी की भांजी की शादी थी उसने पाई पाई जोड़कर भांजी की शादी के लिए सम्भाल कर रखें थे। और इन्हीं पैसों से सामान खरीदकर रखा था लेकिन रात को हुई आगजनी की घटना ने घमण्डी अनुरागी के सपनों को



चकनाचुर कर दिया उसके घर में रात को इतनी भीषण आग लग गई की देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में शादी के लिए रखे दो लाख रूपए नगद, जेवरात, घी, दाल, गेहूं और पूरा गृहस्थी का सामान जल गया। ग्रामीणों के अनुसार किसान घमण्डी अनुरागी अपनी भांजी की शादी की तैयारी में जुटा था और मेहनत से सामान इकट्ठा कर रहा था। लेकिन आगजनी की इस घटना ने पूरे परिवार को सदमें में डाल दिया और भांजी की शादी की तैयारी धरी की धरी रह गई। मौके पर पहुंचे हल्का पटवारी ने पंचनामा तैयार किया और इस आगजनी की घटना की सूचना लवकुशनगर थाने में दी गई। प्रशासन से पीड़ित परिवार को अभी तक कोई तत्कालिक सहायता नहीं मिली है।

### हर्बल गार्डन कैम्पस के गोदाम में लगी भीषण आग

आगजनी की दूसरी घटना जिला मुख्यालय छतरपुर स्थित महोबा रोड के हर्बल गार्डन कैम्पस में बीड़ी पत्ती गोदाम में लगी आग लगने से आसपास के इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शार्ट सर्किट से लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आगजनी की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया स्थानीय लोगों के अनुसार गोदाम में भारी मात्रा में बीड़ी पत्ती और ज्वलनशील सामान रखा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण किया। दूसरी फायर ब्रिगेड भी मंगाई गई लेकिन समय रहते यह फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची।

## छत से गिरने पर अधेड़ की मौत, कपड़े उठाने गया था छत पर

*छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 52 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद सिद्धिक पिता स्वर्गीय चंद वेग निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रूप में हुई है।*

*जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8 बजे मोहम्मद सिद्धिक घर की छत पर सूख रहे कपड़े उठाने के लिए गए थे। इसी दौरान कपड़े फटकारते समय उनका पैर छत के किनारे लगी कमजोर और टूटी हुई ईंट पर पड़ गया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे सीमेंट की सड़क पर जा गिरे। घटना के बाद परिजन और आसपास के लोग तत्काल उन्हें ई-रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।*



## बच्चों ने पेंटिंग से संवारा अपना स्कूल, पीएम श्री कन्या स्कूल के समर कैंप का समापन

बक्सवाहा

नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक माह तक चले समर कैंप का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। कैंप के दौरान छात्राओं ने चित्रकला, पेंटिंग, स्केचिंग, संगीत, डांस, स्पोकन इंग्लिश और खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन अवसर पर बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता की जमकर सराहना की गई।

विशेष रूप से स्केचिंग आर्टिस्ट आस्था जैन ने छात्राओं को पेंटिंग और चित्रकला का प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में छात्राओं ने विद्यालय परिसर की दीवारों पर आकर्षक और प्रेरणादायक पेंटिंग बनाई, जिससे स्कूल का वातावरण रंगीन और सुंदर नजर आने लगा। इन चित्रों के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक संदेश भी दिए गए।

आस्था जैन ने कहा कि कला बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अरविंद तिवारी ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

# अनूठा साहित्य समागमः एक ही मंच पर हुआ सास-बहू के काव्य संग्रहों का विमोचन



छतरपुर। साहित्य जगत में आज एक बेहद अनूठा और सुखद संयोग देखने को मिला। जटाशंकर पैलेस में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों की प्रतिष्ठित उपस्थिति के बीच, सास और बहू के दो अलग-अलग काव्य संग्रहों का एक साथ लोकार्पण संपन्न हुआ। समारोह में श्रीमती विमल बुंदेला के काव्य संग्रह तुम से शुरू तुम तक और उनकी पुत्रवधू डॉ. आराधना सिंह बुंदेला के काव्य संग्रह संस्कृति की धरोहर का विमोचन किया गया।

### रिश्तों की खूबसूरती और साहित्य का संगम

यह आयोजन इस मायने में खास रहा कि मेदांता हॉस्पिटल के न्यूरो डिपार्टमेंट के हेड डॉ. यशपाल बुंदेला की माता जी श्रीमती विमल बुंदेला और उनकी धर्मपत्नी डॉ. आराधना सिंह बुंदेला दोनों ने एक ही दिन अपनी साहित्यिक कृतियों को समाज के सामने रखा।पेशे से चिकित्सक डॉ. आराधना सिंह की यह दूसरी पुस्तक है, जो चिकित्सा के साथ-साथ उनके गहरे साहित्यिक सरोकारों को भी दर्शाती है। इस विमोचन को उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकारों ने पारिवारिक सामंजस्य और रचनात्मकता का एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. अवध किशोर जड़िया और कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती मालती श्रीवास्तव द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. बहादुर सिंह परमार, डॉ. गायत्री वाजपेयी, डॉ. शरद सिंह, सुश्री आभा श्रीवास्तव, कवि अभिराम पाठक और विकास चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. यशपाल सिंह बुंदेला मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा के न्यूरो सर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं विभागाध्यक्ष ने साहित्य प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया।

# मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन, बरेठी एनटीपीसी सोलर प्लांट का काम कराया बंद

छतरपुर। जिले के बरेठी क्षेत्र में निर्माणाधीन एनटीपीसी सोलर प्लांट के खिलाफ शनिवार को स्थानीय किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। करीब 3200 करोड़ रुपए की लागत से 2700 एकड़ भूमि पर बन रहे इस प्रोजेक्ट का काम किसानों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए बंद करा दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान प्लांट परिसर में पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप है कि वे पिछले 14 वर्षों से उचित मुआवजे और प्रशासन द्वारा किए गए पुराने वादों को पूरा कराने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला। किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के बाद भी उन्हें न तो संतोषजनक मुआवजा मिला और न ही रोजगार एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े आश्वासन पूरे किए गए।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे नाराज होकर



उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

घटना की सूचना मिलते ही सटई थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने आक्रोशित किसानों को समझाने और शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन प्लांट परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## जीएसको कंपनी का कार्य अवैध रूप से रोककर हड़ताल कर बाधित करने पर कंपनी ने मोरवा थाने में नामजद की शिकायत

सिंगरौली। जिले के एनसीएल दूधिचूआ परियोजना मे ओबी का कार्य कर रही जीएसको कंपनी का कार्य बीना सूचना दिये गुंडई से रोककर बाधित कर दिये जिससे कंपनी का घंटो प्रोडक्शन बाधित रहा जिससे कंपनी को लाखो रूपये का नुकसान हुआ है और शासन का भी कोयला प्रोडक्शन का नुकसान हुआ है।

ज्ञातव्य हो की जीएसको कंपनी का कार्य अब सिर्फ पाँच महीने का बचा है लेकिन दिनाँक -22-05-2026 को अचानक अरविन्द शाह, पुष्पेन्द्र शाह,राजेन्द्र शाह कंपनी के कैम्प मे आकर शिफ्ट रोक दिये और नौकरी की माँग करने लगे जबकि कंपनी का कार्य अंतिम स्वरूप पर है और इनकी जमीन भी कटिंग एरिया मे नहीं है फिर जबरदस्ती गुंडागर्दी के दम पर कंपनी का कार्य प्रभावित कर नौकरी की माँग करने लगे जिससे काफी क्षति कंपनी को हुई है जिसकी शिकायत मोरवा थाने मे की गई है।कंपनी प्रबंधन का कहना है कि जल्द से जल्द इन सरहँग किस्म के लोगो पर कार्यवाही नहीं हुई तो इनका मनोबल बढेगा और आये दिन कंपनी का कार्य रोकेंगे इसलिए इन लोगो पर सरकारी कार्य मे बाधा डालने सम्बंधित कार्यवाही प्रशासन करें।

अब आगे देखना होगा कि मोरवा थाना क्या कार्यवाही करता है।

## सात दिवसीय अभियान में सख्तीः दो दिनों में 144 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

छतरपुर। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोक परिवहन वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से छतरपुर यातायात पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा



रहा है। यह अभियान आरटीओ टीम के समन्वय से संचालित किया जा रहा है, जिसमें लोक परिवहन वाहनों सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अभियान के दौरान बसों में अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि बसों में ओवरलोड सवारी न हो, इमरजेंसी विंडो सही स्थिति में हो तथा उसके पास सीट न लगाई गई हो। वाहन चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के बीमा और चालक-परिचालकों के व्यवहार की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा नशे की हालत में वाहन संचालन करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस सात दिवसीय अभियान के तहत दो दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 144 लोक परिवहन वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। आरटीओ और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित वाहनों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है।

# बीएसएफ जवान की जगह भाई दे रहा था बीएड परीक्षा, चौथे पेपर में खुला फर्जीवाड़ा

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में को बीएड परीक्षा के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। बीएसएफ जवान की जगह उसका भाई परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। आरोपी युवक पहले ही तीन पेपर दे चुका था, जबकि चौथे पेपर में मुखबिर की सूचना पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एनएसयूआई ने प्रदर्शन करते हुए कुलसचिव का पुतला फूंका है।

राष्ट्रीय छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान फर्जीवाड़ा होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर कुलसचिव का पुतला फूंककर विरोध जताया। एनएसयूआई नेता सचिन राजा और सत्यम चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही बरती गई है। उनका आरोप है कि जिस छात्रा को परीक्षा में शामिल होना था, उसकी जगह किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा परीक्षा दी गई। इस पूरे मामले को परीक्षा प्रणाली में बड़ा फर्जीवाड़ा बताते हुए उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय





प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। छात्र नेताओं का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार बीएड द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थी देवेंद्र यादव की जगह उसका भाई दीपक यादव परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा केंद्र पीजी-2 कक्ष में द्वितीय पाली की परीक्षा चल रही थी। दीपक नवजीवन ज्योति कॉलेज का छात्र बताया जा रहा है और वह छतरपुर जिले के चंदनगर का निवासी है। परीक्षा के दौरान मिली सूचना के बाद ड्यूटी में तैनात अधीक्षक गायत्री वाजपेयी ने युवक को परीक्षा कक्ष से बाहर बुलाकर पूछताछ की। दस्तावेजों की जांच में युवक घबरा गया और अपना नाम दीपक यादव बताते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया। उसने स्वीकार किया कि वह अपने भाई की जगह पहले भी तीन परीक्षाएं दे चुका है और यह चौथा पेपर था। घटना की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 419, 420 एवं विश्वविद्यालय परीक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इधर घटना के बाद छात्रों में भारी आक्रोश देखने को मिला। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कुलसचिव का पुतला फूंका और परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। छात्रों का कहना था कि समय रहते सूचना नहीं मिलती तो मामला दब सकता था। विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नंदकिशोर पटेल ने फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने की पुष्टि की है। वहीं सिविल लाइन टीआई आशुतोष श्रोतीय ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार, पहले से दो मामलों में लिप्त

**छतरपुर। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवकुशनगर पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी अवैध हथियार और मारपीट के दो मामलों में संलिप्त रह चुका है।**



जानकारी के अनुसार, थाना लवकुशनगर पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान छतरपुर रोड स्थित एक ढाबे के पास अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पेड़ के नीचे खड़ा एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी बृजबिहारी उर्फ मुटका पिता रघुबीर विश्वकर्मा निवासी ग्राम बेडी, हाल निवासी वार्ड क्रमांक 03 सिंचाई कॉलोनी लवकुशनगर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अम्बे, प्रधान आरक्षक रामकृपाल वर्मा, अनीश अहमद, आरक्षक ब्रजराज यादव, नरेंद्र अहिरवार, कुलदीप सेन एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वन विभाग की लापरवाही से हरवल गार्डन कैंपस के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक

छतरपुर। महोबा रोड स्थित हरवल गार्डन कैंपस में शनिवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग बीड़ी पत्तों से भरी खड़ी गाड़ी से शुरू होकर गोदाम तक पहुंच गई, जिससे लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट और वायर निकलने की वजह से



लगी बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे कैंपस में धुआं फैल गया और मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलने के बाद एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करती रही। लोगों का कहना है कि दूसरी फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया। सौदागर ब्रदर कंपनी के पिन्टू चौधरी ने बताया कि गोदाम में रखा पूरा माल जलकर खाक हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां माल रखा गया था वहां से बिजली के वायर नहीं निकलने चाहिए थे, लेकिन वन विभाग की लापरवाही के चलते यह बड़ा हादसा हो गया। उनका कहना है कि माल की सुरक्षा के लिए सरकार से लाखों रुपये का फंड आता है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नाकाफी रही।

## पुलिस पर किराए के मकान में शराब रखवाकर कार्रवाई कराने का आरोप, युवक ने एसपी से लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार

छतरपुर। शहर के छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संस्कार वाटिका के पास किराए के मकान में रहने वाले युवक अरविंद मिश्रा ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि पुलिस द्वारा उसके घर में अवैध शराब रखवाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस पूरे मामले का एक सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर शहर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

वायरल वीडियो में कथित रूप से दिखाई दे रहा है कि एक युवक स्कूटी पर शराब की पेटियां लेकर आता है और घर से बाहर निकल रहे एक पुलिसकर्मी से मिलता है। आरोप है कि पुलिसकर्मी के इशारे पर शराब की पेटियां मकान के अंदर रखवाई जाती हैं। इसके कुछ देर बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंचती है और अवैध शराब रखने के आरोप में कार्रवाई कर देती है।

पीड़ित अरविंद मिश्रा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि घटना 18 मई की है। उसके अनुसार वह शाम 4:42 बजे घर से बाहर चला गया था। इसके बाद शाम 5:53 बजे करीब छह पुलिसकर्मी, जिनमें दो महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं, मौके पर पहुंचे। युवक का आरोप है कि शाम 6:33 बजे दो युवक शराब की पेटियां लेकर आए और थाना कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा की मौजूदगी में शराब मकान में रखवाई गई। इसके बाद रात करीब 9 बजे पुलिस ने घर पहुंचकर जब्ती कार्रवाई की और रात 11:57 बजे उसके नाम से एफआईआर दर्ज कर दी गई।

अरविंद मिश्रा ने स्वयं को पढ़ाई करने वाला छात्र और निजी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसके खिलाफ आज तक किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं रहा है। उसने एसपी रजत सकलेचा से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

युवक ने वीडियो में यह भी कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और उसका करियर खराब हुआ तो वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित पुलिस अधिकारियों की होगी। फिलहाल



मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं एसपी रजत सकलेचा ने वीडियो को संज्ञान में लेकर उक्त मामले की जांच एएसपी आदित्य पटले को सौंप दी है।

### इनका कहना है -

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत 18 मई को एक युवक के घर से अवैध शराब जब्त की गई थी जिस पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसी मामले में अनावेदक ने आवेदन और कुछ सीसीटीव्ही वीडियो उपलब्ध कराए हैं जिनकी जांच एएसपी आदित्य पटले द्वारा की जा रही है। इसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी हिसाब से कार्रवाही की जाएगी।

**अरूण कुमार सोनी**
सीएसपी, छतरपुर

## पंचकुंडी श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ पर निकली भव्य कलश यात्रा



छतरपुर। ईशानगर स्थित विहाटा गाँव बगीचा सरकार में आयोजित पंचकुंडी श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।कलश यात्रा की शुरुआत बगीचा सरकार अंजनी हनुमंत बलवंत लाल जी के प्रांगण से हुई। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाते हुए शामिल हुईं। वहीं पुरुष एवं युवा जय श्रीराम के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल होकर धर्म और आस्था का संदेश देते नजर आए।भव्य कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री धनुषधारी आश्रम परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर पंचकुंडी श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।कथा व्यास पंडित देवेंद्र मिश्रा 'मुन्ना महाराज पहाडगांव वालों ने बताया कि यह आयोजन धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की। यह आयोजन सरकार अंजनी हनुमंत बलवंत सरकार समिति, समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गर्मी का रेड अलर्टः अगले 6 दिनों में 47 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा, लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित



रीवा। विंध्य क्षेत्र सहित पूरे मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जबकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है। रीवा जिले में भी गर्मी लगातार अपने प्रचंड रूप में दिखाई दे रही है और लोगों को झुलसाने वाली गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। शनिवार को रीवा जिले का अधिकतम तापमान लगभग 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर के समय शहर की सड़कें अपेक्षाकृत सुनसान दिखाई दीं और आवश्यक कार्यों से ही लोग घरों से बाहर निकलते नजर आए। बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही कम देखी गई। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले छह दिनों तक रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। अनुमान है कि जिले में पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके साथ ही लू जैसे हालात बने रहने की संभावना व्यक्त की गई है। लगातार बढ़ती गर्मी और गर्म हवाओं के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाहचिकित्सा विशेषज्ञों और मौसम विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच अत्यधिक आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। इस दौरान शरीर में पानी की कमी होने की संभावना अधिक रहती है, जिससे चक्कर आना, थकान, सिरदर्द और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।हीट वेव प्रभावित जिलों में शामिल रीवारीवा जिला वर्तमान में हीट वेव प्रभावित जिलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर भी गर्मी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल तापमान में किसी बड़ी गिरावट की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।शरीर में कमजोरी, चक्कर या अधिक घबराहट महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

*शिकायत के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई, शिकायत करने पर नोटिस, मानसिक दबाव व भविष्य खराब करने की दी जा रही धमकी*

# जिले में निजी आईटीआई से युवाओं की हो रही तस्करी

## ट्रेनिंग प्रोजेक्ट के नाम पर बाहर भेजे गए छात्रों ने खोली थी निजी आईटीआई संस्थानों की कार्यप्रणाली की परतें

रीवा।

जिले में संचालित निजी आईटीआई संस्थानों की कार्यप्रणाली एक बार फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। बता दे अन्य राज्यों के मुकाबला मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मजदूरी का व्यय काफी कम मात्रा में है, जबकि दिल्ली गुजरात एवं अन्य इंडस्ट्रियल राज्यों में श्रमिक मजदूरी काफी महंगी है जिसके कारण कंपनी द्वारा कम मजदूरी में उन राज्यों की ओर रुक किया जाता है जहां मजदूरी कम ली जाती है, वही कंपनियों का मुख्य स्त्रोत्र अब आईटीआई कॉलेज बनते जा रहे हैं जहां से बड़े-बड़े सपने दिखाकर कंपनी संचालकों द्वारा युवाओं को बाहर ले जाकर श्रमिक का काम भी कराए जाने का मामला पूर्व में भी प्रकाश में आ चुका है। बता दे तकनीकी शिक्षा और रोजगार के सपने लेकर आईटीआई कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्र अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। छात्रों ने आरोप लगाया है कि उन्हें ट्रेनिंग और रोजगार के नाम पर दूसरे राज्यों में भेजकर श्रमिकों की तरह काम कराया जा रहा है। आईटीआई कॉलेज संचालक द्वारा युवा छात्रों को दूसरे राज्य में भेज कर युवाओं की तस्करी कराई जा रही है ऐसे भी आप सामने आए हैं, इतना ही नहीं, जब उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस व प्रशासन से की तो कॉलेज प्रबंधन द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर डराने-धमकाने और भविष्य खराब करने की धमकियां देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। बता दे हाल ही में सामने आया मातेश्वरी आईटीआई एवं पार्वती आईटीआई से जुड़ा मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों ने निजी तकनीकी संस्थानों की व्यवस्था और उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। छात्रों द्वारा पुलिस व प्रशासन को दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार, वे मातेश्वरी नियमित आईटीआई एवं पार्वती आईटीआई कॉलेज में अध्ययनरत हैं। छात्रों का कहना है कि दिनांक 13 अप्रैल 2026 को उन्हें प्रशिक्षण परियोजना के नाम पर अहमदाबाद, गुजरात भेजा गया था। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें बताया गया था कि वहां एक प्रतिष्ठित कंपनी में तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।





### 1500 रुपये कमीशन के चक्कर में दांव पर लगाया था भविष्य

उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि कंपनी में प्रतिदिन केवल आठ घंटे का कार्य होगा, भोजन की सुविधा निःशुल्क होगी, रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी तथा कमरे का केवल 1500 रुपए शुल्क वेतन से समायोजित किया जाएगा। इसके अलावा यात्रा और अन्य सुविधाओं के भी वादे किए गए थे। छात्रों ने विश्वास कर इन शर्तों पर सहमति जताई और भविष्य बेहतर होने की उम्मीद में गुजरात रवाना हो गए। छात्रों का आरोप है कि जैसे ही वे गुजरात पहुंचे, वहां वास्तविक स्थिति पूरी तरह अलग निकली। शिकायत के अनुसार, जिस ट्रेनिंग की बात कही गई थी, वहां वैसा कुछ नहीं था। छात्रों ने बताया कि वहां पहुंचने के बाद उनसे प्रतिदिन आठ घंटे के स्थान पर लगभग 16 घंटे तक कार्य करने को कहा गया। रहने के लिए अलग से प्रति छात्र 1500 रुपए जमा कराए गए। आर्थिक स्थिति कमजोर होने और पर्याप्त राशि साथ न होने के कारण कई छात्रों को भोजन तक के लिए परेशान होना पड़ा। छात्रों का कहना है कि कई बार ऐसी स्थिति बनी कि उन्हें भूखे रहना पड़ा।

### ट्रेनिंग नहीं, श्रमिक बनाकर भेजा गया गुजरात

शिकायत में छात्रों ने आरोप लगाया है कि बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण के लिए नहीं बल्कि श्रमिक कार्य कराने के उद्देश्य से कंपनी में भेजा गया था। छात्रों का कहना है कि वहां उन्हें जानकारी मिली कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रति छात्र कमीशन लेकर उन्हें संबंधित कंपनी में भेजा गया है। छात्रों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों से संपर्क किया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। वही शिकायत पत्र के अनुसार, संस्था के प्रबंधक और शिक्षकों ने कथित रूप से कहा जहां गए हो, वहीं काम करना होगा और उसी के अनुसार चलना पड़ेगा।

### वापस लौटने पर भी नहीं मिली राहत

छात्रों का कहना है कि किसी तरह वापस लौटने के बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी अपने शिक्षकों एवं प्राचार्य को दी। शिकायत में छात्रों ने कुछ शिक्षकों और प्राचार्य का नाम लेते हुए आरोप लगाया है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें कथित रूप से टालने का प्रयास किया गया। छात्रों के अनुसार, उन्हें यह भी कहा गया कि जो करना है कर लो, हमें कंपनी से कमीशन मिलता है।

### फेल करने और भविष्य खराब करने की दी जा रही धमकी

मामले में छात्रों ने एक और आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा उन्हें पहले ही चेतावनी दी गई थी कि यदि वे गुजरात नहीं जाएंगे तो उन्हें परीक्षा में फेल कर दिया जाएगा अथवा अनुतीर्ण घोषित कर दिया जाएगा। भविष्य को लेकर भय और दबाव के कारण छात्र मजबूरी में वहां जाने के लिए तैयार हुए। मामला उजागर होने के बाद जब उन्होंने इसकी शिकायत प्रशासन एवं पुलिस से की तो कॉलेज प्रबंधन लगातार दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। बता दे शिकायत करने वाले छात्रों को कॉलेज प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी कि जा रहे हैं। साथ ही मौखिक उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और भविष्य खराब करने की धमकियां दी जा रही हैं। इतना ही नहीं, छात्रों का कहना है कि उनके परिजनों पर भी दबाव बनाया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है।

### नहीं हुई कोई कार्रवाई

बता दे मामले में छात्रों ने पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन तथा रीवा कलेक्टर से लिखित शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की थी, छात्रों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। लेकिन शिकायत के बावजूद अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई आईटीआई संचालकों के ऊपर नहीं की गई है जबकि छात्रों द्वारा साफ तौर पर मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## रीवा के बीएसएफ एएसआई का पंजाब में निधन, गृह ग्राम पहुंचा पार्थिव शरीर, सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई, छुट्टियां बिताकर ड्यूटी पर लौट रहे थे जवान, रेलवे स्टेशन पर आया हार्ट अटैक

रीवा।

पंजाब में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) का ड्यूटी पर लौटने के दौरान अचानक हृदयाघात से निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को बीएसएफ जवानों की टुकड़ी पार्थिव शरीर लेकर उनके गृह ग्राम पहुंची, जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। नम आंखों से ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर क्षेत्र के ग्राम फरहद-329 निवासी उदयराज चतुर्वेदी (58 वर्ष), पिता रामचरण चतुर्वेदी, सीमा सुरक्षा बल में एएसआई पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में उनकी पदस्थापना पंजाब स्थित बीएसएफ यूनिट में थी। बताया जा रहा है कि वह कुछ दिनों पहले अवकाश पर अपने गृह ग्राम आए हुए थे और परिवार के साथ समय बिताने के बाद छुट्टियां समाप्त होने पर पुनः ड्यूटी के लिए पंजाब रवाना हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब पहुंचने के दौरान कलिंगा रेलवे स्टेशन पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद स्थिति गंभीर हो गई। प्राथमिक सहायता और उपचार के प्रयासों के बीच उन्हें हृदयाघात आया, जिससे उनका निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। क्षेत्र में जैसे ही जवान के निधन की खबर पहुंची, शोक की लहर फैल गई और लोग लगातार परिजनों के घर पहुंचने लगे। शनिवार को बीएसएफ की टीम पार्थिव शरीर लेकर उनके गृह ग्राम फरहद-329 पहुंची। जवान के पार्थिव शरीर के पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और परिचित उनके निवास स्थल पहुंचे।बीएसएफ जवानों की टुकड़ी ने दिवंगत एएसआई उदयराज चतुर्वेदी को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्रामीणों ने कहा कि उदयराज चतुर्वेदी अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक व्यवहार के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र ने एक सम्मानित और कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व को खो दिया है।



## रीवा-सीधी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित होकर पलटा बल्कर : जिंदा जला चालक

रीवा। रीवा-सीधी मार्ग पर बीती रात एक दिल दहला देने वाला दर्दनाक हादसा सामने आया है। गुढ़ थाना क्षेत्र के गहरी पकरा के समीप रात करीब 2:00 बजे एक तेज रफ्तार बल्कर अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के तुरंत बाद वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में बल्कर का चालक केबिन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया और देखते ही देखते वह जिंदा जल गया। मृतक की पहचान बृजेश गौतम पिता छोटे राम गौतम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम धनहा जिला सीधी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद बल्कर से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी थीं।दुर्घटनाग्रस्त वाहन के केबिन में फंसे चालक बृजेश गौतम खुद को बचाने के लिए लगातार चीख-पुकार मचा रहे थे।मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की भरसक कोशिश की लेकिन आग इतनी भयानक और विकराल थी कि कोई भी वाहन के करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका।लोग चाहकर भी बेबस खड़े रहे और चालक की आंखों के सामने ही दर्दनाक मौत हो गई।कटर मशीन से काटकर निकाला गया शव घटना की सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा।दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक चालक का शरीर पूरी तरह से खाक हो चुका था, शानिवार सुबह पुलिस और प्रशासन की टीम ने गैस कटर मशीन की मदद से बल्कर के क्षतिग्रस्त केबिन को काटकर चालक के शव को बाहर निकाला।हादसे की खबर मिलते ही मृतक बृजेश गौतम के रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।क्षेत्र में इस हृदयविदारक घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



## मुख्यमंत्री का रीवा एयर पोर्ट पर किया गया आत्मीय स्वागत



रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल से विमान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी के साथ भोपाल से वायुयान द्वारा सतना सांसद गणेश सिंह, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा तथा विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह भी रीवा आये। मुख्यमंत्री जी रीवा से हेलीकॉप्टर द्वारा सतना के लिए रवाना हुए।

## गंगा दशहरा में जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में होगा कार्यक्रमों का आयोजन, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा। रीवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। जिले में गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा। इस दिन जिला, नगरीय निकाय और विकासखण्ड स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रीवा जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे।**

गंगा दशहरा पर नदियों के उद्गम स्थल, तालाबों, परंपरागत जलस्रोतों की साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ-साथ हैण्डपंपों तथा नलजल योजना के जलस्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने एवं कुंओं के भी साफ-सफाई के कार्य होंगे। गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में आमजनता की अधिक से अधिक भागीदारी कराकर जल संरक्षण के कार्य करेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जन अभियान परिषद के समन्वयक मिलकर गंगा दशहरा पर जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान तथा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करेंगे। गंगा दशहरा पर गांवों, विकासखण्ड मुख्यालयों तथा जिला स्तर पर जल गंगा कलश यात्रा, दीपदान, जल संवाद, जल जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने भरी हुंका, सौंपा ज्ञापन

मऊगंज। भारतीय किसान संघ मऊगंज ने गेहूं उपार्जन को लेकर सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए किए गए वायदे नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्लॉट बुक न होने के कारण 30 फ़ीसदी से अधिक किसान अपना गेहूं बिक्री नहीं कर पाया है, जिसके कारण अब अन्नदाता परेशानियों के दौर से गुजर रहा है। सरकार द्वारा गेहूं खरीदी हेतु समय सीमा तो बढ़ाई गई लेकिन स्लॉट बुक का सिस्टम नहीं खोला गया, जिससे किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। मध्य प्रदेश सरकार की योजना से परेशान किसानों में न केवल आक्रोश देखा जा रहा है बल्कि अब अन्नदाता अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतर चुका है। क्षेत्र में पड़ रही 45 डिग्री भीषण गर्मी के बीच भारतीय किसान संघ महा कौशल प्रांत के आह्वान पर प्रांत के अन्य जिलों की तरह मऊगंज कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ो किसानों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम का कलेक्टर मऊगंज को चेतावनी भरा ज्ञापन पत्र सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से कहां की गेहूं उपार्जन हेतु स्टॉल बुकिंग के लिए पोर्टल खोला जाए और किसानों का सत प्रतिशत गेहूं खरीदा जाए। कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ो किसानों ने कहा यदि सरकार द्वारा स्लॉट का पोर्टल खोलकर गेहूं की खरीदी नहीं की जाती है तो अब अन्नदाता शांत नहीं बैठेगा और अपने अधिकार के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगा। किसानों ने कहा खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है आज की स्थिति में उपार्जन केंद्रों से गेहूं का उठाव न होने के कारण 30 करोड़ से अधिक की राशि का अकेले मऊगंज जिले में किसानों का भुगतान नहीं हो पाया है। व्यापारियों को खुली छूट और किसानों के साथ दुर्व्यवहार का चल रहा सिस्टम अब नहीं चलने वाला है यदि समय रहते किसानों के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो अब अन्नदाता आर पार की लड़ाई लड़ेगा।मऊगंज कलेक्ट्रेट पहुंचे बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने गेहूं खरीदी के लिए फिर से स्लॉट बुकिंग की सरकार से मांग से की और उपार्जन केंद्रों में छाया पानी की बेहतर व्यवस्था बनाए जाने की मांग की गई। उपार्जन केंद्रों में गेहूं बिकने के बाद कई दिनों तक किसान का भुगतान नहीं हो पा रहा है समय पर किसानों का भुगतान किया जाए। वरदानों का अभाव बना हुआ है किसान परेशान हो रहे हैं किंतु व्यापारियों का माल धड़ल्ले से बिक रहा है और क्षेत्र का किसान दर-दर की ठोकरे खा रहा है। इस विषय को शासन प्रशासन संज्ञान में लेकर के जल्द से जल्द कार्यवाही करे और स्टॉल समस्या सहित अन्य सभी परेशानियों को सरकार जल्द से जल्द दूर करें। आगामी खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त उर्वरक एवं बीज समय पर किसानों को उपलब्ध हो सके इसके लिए आगामी तैयारी सरकार द्वारा कर ली जाए। अगर आगामी फसल में खाद का संकट आता है, उसकी संपूर्ण जिम्मेवारी शासन और प्रशासन की होगी।बिजली बिल की समस्या से किसान अभी भी निजात नहीं पा रहे हैं बिजली बिल में सुधार के लिए किसान विगत चार-पांच महीने से परेशान हो रहे हैं किंतु बिजली बिल में ना सुधार हो पा रहा है ना बिजली बिल में कोई कमी आ रही है।विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूर्व से भी बदतर होती जा रही है और बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि लगातार होती जा रही है इस पर नियंत्रण किया जाए ।अघोषित कटौती के द्वारा एवं कम वोल्टेज की समस्या से ग्राहक परेशान है और उनको फिर भी बढ़ा हुआ एवरेज बिल थमा दिया जाता है इस समस्या से तुरंत किसानों को निजात दिलाई जाय। विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा प्रशासन द्वारा बिजली वाली समस्याएं सुनने के लिए कोई भी अधिकारी तैनात नहीं किए गए हैं जिसके लिए शासन और प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली बिल देकर के किसानों का शोषण किया जा रहा है मार्च 2025 से मार्च 2026 तक शासन के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी को कितनी बिजली प्राप्त हुई है एवं विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को कितनी बिजली की आपूर्ति की गई है उपभोक्ताओं द्वारा कितनी वसूली हुई है और उपभोक्ताओं के ऊपर अभी कितना बिजली का बिल शेष है इन बिंदुओं को विधिवत पारदर्शी जांच कराई जाए और बिजली विभाग का सारा कदाचार और भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ जाएगा,तभी किसानों को बिजली बिल से राहत मिलेगी। किसानों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा यदि शासन एवं प्रशासन द्वारा किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय नहीं लिए गए तो अब अन्नदाता उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम का कलेक्टर मऊगंज को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ के संभाग अध्यक्ष छोटेलाल द्विवेदी, जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडेय, जिला मंत्री पुष्पराज सिंह, संभागीय सह मंत्री अरुणेंद्र सिंह, जिला सह मंत्री यज्ञ नारायण सिंह एवं राममिलन प्रजापति, दशरथ सिंह नर्मदा सिंह, गहरवार अरुण शुक्ला चंद्रमौली मिश्रा इंद्र बहादुर सिंह, तहसील अध्यक्ष मऊगंज विभूति भूषण सिंह, तहसील अध्यक्ष हनुमना रामकृष्ण मिश्रा , तहसील अध्यक्ष नईगढ़ी राम सिपाही पटेल ,गजाधर नाथ पांडेय त्रिवेणी प्रसाद पांडेय मुद्रिका प्रसाद मिश्र जिला उपाध्यक्ष, रमा निवास पांडे गणेश तिवारी रमेश द्विवेदी वैदेही प्रसाद पांडेय गोविंद नारायण पाठक आशीष पाठक मंगलेश्वर सिंह राम प्रसाद हरिजन उमेश पांडेय सिंकू पांडे नरेंद्र शर्मा विकास शर्मा जनार्दन शर्मा सुरेश कुशवाहा मनोज सिंह रामसागर मिश्र भगवान प्रसाद मिश्रा नवनीत मिश्रा नागेंद्र मिश्रा छोटेलाल सिंह गोड, पंचम सिंह गोड दादू लाल विश्वकर्मा लक्ष्मी नारायण शुक्ला बृजवासी शुक्ला मनोज कुशवाहा, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## गुढ़ नेशनल हाईवे पर डीजल चोरों का आतंकः

गौतम ढाबा के पास खड़े दो ट्रकों से हजारों रुपए का तेल पाररात में खड़े भारी वाहनों को बना रहे निशाना

**रीवा।** जिले के गुढ़ क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे-39 पर इन दिनों डीजल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। बीती रात गौतम ढाबा के समीप खड़े दो भारी वाहनों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उनके टैंकों से डीजल चोरी कर लिया। घटना के बाद वाहन चालकों और वाहन मालिकों के बीच चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक चालक गुजरात से माल लेकर गुढ़ क्षेत्र पहुंचा था। चालक ने बताया कि रात लगभग 10 बजे वह वाहन लेकर गौतम ढाबा के पास पहुंचा और वाहन खड़ा करने के बाद भोजन कर आराम करने चला गया। सुबह करीब 5 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि वाहन का डीजल टैंक लगभग खाली पड़ा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन से डीजल चोरी कर ले गए। पीड़ित चालक ने बताया कि वाहन मालिक को घटना की जानकारी देने को लेकर वह मानसिक दबाव में है। चालक का कहना है कि इस तरह की घटना से उसे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ जवाबदेही का भी सामना करना पड़ रहा है। घटना की गंभीरता इस बात से भी बढ़ गई कि उसी स्थान के आसपास खड़े एक अन्य वाहन को भी चोरों ने निशाना बनाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गुढ़ नेशनल हाईवे-39 स्थित आरडी पेट्रोल पंप और गौतम ढाबा के आसपास कई बार खड़े वाहनों से डीजल चोरी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके अब तक इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग सका है।



## मतदाता सूची में दावे-आपत्तियाँ 25 मई तक प्राप्त की जाएंगी

**प्रेक्षक द्वारा किया जा रहा है जिले का भ्रमण**



**रीवा।** जिले भर में नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 25 मई तक प्राप्त की जाएंगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अरूण पाण्डेय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की निगरानी की जा रही है। प्रेक्षक ने नगरपालिका चाकघाट, त्योंथर एवं ग्राम पंचायत सोहागी तथा ग्राम पंचायत अतरैला में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण अंतर्गत प्राप्त दावा-आपत्तियों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। आयोग के निर्देशों के अनुसार एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची को इसका आधार बनाएं। एसआईआर के दौरान किसी कारणवश यदि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से बाहर रह गया है तो उसका नाम आवेदन कराकर सूची में जुड़वाएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि दावे-आपत्तियों के लिए सिर्फ दो दिन ही शेष बचे हैं। अतः अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करें।

## बस और ट्रेलर ट्रक की जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत, कई लोग घायल

**मऊगंज।** जिले के पन्नी से पथरिहा से तक हादसों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है..... लगभग एक महीने के भीतर ही कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं.... और आज एक बार फिर से भीषण सड़क हादसा हुआ है.... जानकारी के अनुसार एक चतुर्वेदी ट्रैवल्स की बस क्रमांक **UP-75-AT-7622** जो मऊगंज जिले के अलग-अलग गांवों के लोगों को लेकर झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम गई थी और आज यह सभी लोग देवतालाब शिव मंदिर बस से ही जल चढ़ाने जा रहे थे।।लेकिन जैसे ही यह बस सुबह के करीब 7:30 बजे पानी मोड़ के समीप पहुंची.... तभी एक ट्रेलर ट्रक क्रमांक **MP-65-GA-1199** अचानक सीतापुर की ओर मुड़ गया, बस चालक ने बस को संभालने की कोशिश की..... लेकिन ट्रेलर ट्रक के पिछले हिस्से से बस की भिड़ंत हो गई.....इस दौरान ट्रेलर ट्रक बेकाबू हो गया और साइकिल से जा रहे सोभनाथ तिवारी निवासी बेला रामपुर थाना लौर को कुचल दिया.... इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए... लेकिन ट्रेलर ट्रक चालक..... घायलों को छोड़कर ट्रेलर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया...इस दौरान काफी समय तक सोमनाथ तिवारी तड़पते रहे.... सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सोमनाथ तिवारी और बस के घायलों को सिविल अस्पताल मऊगंज लाया गया.... जहां अस्पताल के डॉक्टर ने सोमनाथ तिवारी को रीवा रेफर कर दिया... लेकिन रीवा पहुंचने पर उनकी मौत हो गईइस घटना में बस सवार रामसिया पांडे, सत्य प्रकाश पांडे निवासी कैछुआ, रामायण प्रसाद पांडे निवासी नदहा छिपिया, अन्नू तिवारी निवासी छिपिया, संजय दुबे निवासी हटवा, बृजेश कुमार कोल, उर्मिला कोल, शांति कोल निवासी करह पहाड़ी... घायल हुए हैं जिनका उपचार सिविल अस्पताल मऊगंज में जारी है.... बस में बैठे बाकी लोग सुरक्षित बताया जा रहे हैं... वहीं मौके से भाग रहे ट्रेलर ट्रक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रतनगवाँ के पास से पकड़ लिया और जप्त कर थाने लाया गया है।

